म्यूचुअल फंड

निमेश शाह, एमडी एवं सीईओ, आईसीआईसीआईसीआई प्रूडेंशियल

इन्वेस्टमेंट की शुरुआत कर रहे हैं तो हाइब्रिड फंड अच्छा विकल्प है

हाइब्रिड फंड उसे कहते हैं जिसका एसेट क्लास दो तरह का होता है। यानी जिसका पैसा दो तरह के एसेट में लगाया जाता है। आम तौर पर हाइब्रिड फंड का पैसा इक्विटी और डेट में इन्वेस्ट होता है। इसमें इन्वेस्टर को दोनों एसेट का लाभ मिलता है। इक्विटी म्यूचुअल फंड में पैसा लगाने वाले मूलतः कंपनियों के इक्विटी शेयर में इन्वेस्ट करते हैं। इक्विटी फंड में ज्यादा रिटर्न देने की गुंजाइश होती है, लेकिन इनमें रिस्क भी ज्यादा होता है। डेट फंड का पैसा कॉरपोरेट बॉन्ड, मनी मार्केट के इंस्ट्रूमेंट, ट्रेजरी बिल (सरकारी बॉन्ड) आदि में इन्वेस्ट किया जाता है। इन सब पर रिटर्न निश्चित होता है, इसलिए डेट फंड को इक्विटी फंड की तुलना में कम रिस्क वाला माना जाता है। लेकिन लंबे समय में इनमें रिटर्न की गुंजाइश इक्विटी से कम होती है। हाइब्रिड फंड में इन दोनों का मिला-जुला लाभ मिलता है।

इक्विटी ओरिएंटेड फंड का 65% पैसा इक्विटी में: हाइब्रिड फंड की स्कीम में इक्विटी के जरिए ज्यादा रिटर्न और डेट के जरिए स्थिरता, दोनों का लाभ मिलता है। दूसरे शब्दों में कहें तो हाइब्रिड फंड में कम रिस्क में ज्यादा रिटर्न की गुंजाइश होती है। अगर हाइब्रिड म्यूचुअल फंड स्कीम का 65% पैसा इक्विटी में और बाकी डेट में लगाया जाता है तो उसे इक्विटी ओरिएंटेड फंड कहते हैं। अगर 65% पैसा डेट में और बाकी इक्विटी में लगाया है तो वह डेट ओरिएंटेड फंड कहलाएगा। एसेट एलोकेशन यानी कहां कितना पैसा इन्वेस्ट किया गया है, उसके हिसाब से हाइब्रिड फंड के कई प्रकार होते हैं। इनमें कंजरवेटिव, बैलेंस्ड और अग्रेसिव फंड प्रमुख हैं। कंजरवेटिव हाइब्रिड फंड का 10-25% पैसा इक्विटी और बाकी डेट में लगाया जाता है। बैलेंस्ड हाइब्रिड का 40-60% पैसा इक्विटी में होता है। अग्रेसिव हाइब्रिड का 65-80% पैसा इक्विटी में निवेश किया जाता है।

लॉन्ग टर्म के लिए अग्रेसिव हाइब्रिड फंड चुन सकते हैं: यह म्यूचुअल फंड में इन्वेस्टमेंट की शुरूआत करने वाले और पुराने इन्वेस्टर, दोनों के लिए होता है। इन्वेस्टर अपनी जरूरत के हिसाब से कैटेगरी चुन सकते हैं। नए इन्वेस्टर्स के लिए यह अच्छा होता है और यहां वे अनुभव भी हासिल कर सकते हैं। पुराने इन्वेस्टर भी सही हाइब्रिड फंड स्कीम चुनकर फायदा उठा सकते हैं। फंड की कैटेगरी के हिसाब से एसेट एलोकेशन बदलता रहता है, इसलिए एकमुश्त इन्वेस्टमेंट भी एक विकल्प हो सकता है। एक बार पैसा लगाने के बाद आप अनावश्यक रिस्क से बच सकते हैं। अगर इन्वेस्टमेंट का लक्ष्य लॉन्ग टर्म है, तो अग्रेसिव हाइब्रिड फंड अच्छा विकल्प हो सकता है। इसमें कम से कम 65% पैसा इक्विटी में लगाया जाता है, इसलिए इसमें लाभ पर टैक्स में छूट भी मिलती है।

रिस्क नहीं लेना तो कंजरवेटिव फंड बेहतर: जो इन्वेस्टर रिस्क नहीं लेना चाहते, इक्विटी में कम निवेश करना चाहते हैं उनके लिए कंजरवेटिव और बैलेंस्ड फंड बेहतर विकल्प हैं। इनमें कम रिस्क के साथ लॉन्ग टर्म में एसेट बनाने का मौका मिलेगा। इक्विटी में पहली बार निवेश करने वालों या जो महंगाई दर से ज्यादा रिटर्न चाहते हैं, उनके लिए यह अच्छा है। लेकिन यह बात ध्यान रखनी चाहिए कि हाइब्रिड फंड की इन दोनों कैटेगरी में टैक्स रेट ज्यादा है।

गिरावट • अप्रैल 2018 में 2.47 लाख यात्री वाहन बिके थे, मार्च के मुकाबले भी बिक्री 2% घटी, अगले दो-तीन महीने यही स्थिति रह सकती है

अप्रैलः यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री 2% घटी, 2.42 लाख वाहन बिके

- वाहन डीलरों के संगठन फाडा ने मासिक आंकड़े जारी किए
- कॉमर्शियल वाहनों की खुदरा बिक्री में 16% गिरावट

एजेंसी | नई दिल्ली

अप्रैल में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री 2% घटी है। पिछले महीने 2,42,457 यात्री वाहन बिके। अप्रैल 2018 में 2,47,278 बिके थे। वाहन डीलरों के संगठन फाडा के आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई है। मार्च की तुलना में भी बिक्री करीब 2% घटी है। मार्च में 2,46,615 यात्री वाहन बिके थे। यात्री वाहनों में कार, एसयूवी और वैन आते हैं। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबिल डीलर्स एसोसिएशंस (फाडा) के प्रेसिडेंट हर्षराज काले ने कहा, निकट भविष्य में ऑटो इंडस्ट्री का आउटलुक निगेटिव से न्यूट्रल दिख रहा है। अभी ऐसी कोई वजह नहीं जो बिक्री में तेजी ला सके। अगले आठ से 12 हफ्तों तक बिक्री में गिरावट की स्थिति बनी रह सकती है। लेकिन तीन कारण वाहन बिक्री में तेजी ला सकते हैं- पहला, चुनाव बाद बनने वाली सरकार लगातार विकास पर ध्यान केंद्रित करे। दूसरा, पूरे देश में मानसून औसत या औसत से बेहतर रहे। तीसरा, रिजर्व बैंक बाजार में नकदी बढ़ाता रहे।

अप्रैल में कॉमर्शियल वाहनों की खुदरा बिक्री भी घटी, 16% की गिरावट आई

दोपहिया की बिक्री 9% तक घटी



ब्याज दर बढ़ने और चुनावों का असर

- फिलहाल चुनाव की वजह से ग्राहकों का सेंटिमेंट कमजोर है।
- ऑटो लोन की ब्याज दर अधिक होने से बिक्री प्रभावित हुई है।
- थर्ड पार्टी बीमा 3-5 साल का कराना अनिवार्य होना भी वजह है।

21 दिनों से ज्यादा का स्टॉक न रखें डीलरः फाडा

काले के मुताबिक ऑटो कंपनियों के पास अब भी काफी स्टॉक है। ऑटो रिटेल सेक्टर के लिए वर्किंग कैपिटल की उपलब्धता के लिहाज से देखें तो नकदी की स्थिति बहुत सख्त है। ऐसे समय जब बिक्री में गिरावट देखने को मिल रही है, ऐसे में अधिक स्टॉक डीलरों के लिए बोझ के समान है। इसलिए फाडा ने अपने सदस्य डीलरों को अधिकतम 21 दिन का स्टॉक रखने की सलाह दी है।

दोपहिया, कॉमर्शियल वाहनों का स्टॉक अधिक

40-45	45-50	45-50
दिन यात्री वाहन	दोपहिया वाहन	कॉमर्शियल वाहन

अमेरिका-चीन तनाव से सेंसेक्स 487 अंक गिरा, 6 दिन में 1278 अंक नीचे; रुपया 28 पैसे टूटा

रुपए में कमजोरी और चुनाव को लेकर सतर्कता के कारण भी इन्वेस्टर शेयर बेच रहे हैं

एजेंसी | मुंबई

अमेरिका और चीन के बीच व्यापार को लेकर तनाव बढ़ने और विदेशी निवेशकों के शेयर बेचने से बुधवार को सेंसेक्स 487.50 अंक नीचे आ गया। निफ्टी में भी 138.45 अंकों की गिरावट रही। भारतीय बाजार लगातार 6 दिन से गिर रहे हैं। रुपए में कमजोरी और आम चुनाव से पहले सतर्कता के कारण भी इन्वेस्टर शेयर बेचने में लगे हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने रविवार को कहा था कि चीन से 14 लाख करोड़ रुपए के आयात पर शुक्रवार से शुल्क 10% से बढ़ाकर 25% किया जाएगा। इसके बाद से पूरे ग्लोबल मार्केट कमजोर बने हुए हैं। शेयरों में गिरावट से इन्वेस्टर बॉन्ड, सोना और जापानी येन में पैसे लगा रहे हैं। यह उन्हें ज्यादा सुरक्षित लग रहा है। सेंसेक्स आखिरी एक घंटे में ज्यादा गिरा। दोपहर ढाई बजे तक यह करीब 290 अंक नीचे था। उसके बाद अचानक बिकवाली बढ़ने से यह 487.50 अंक यानी 1.27% गिर कर 37,789.13 पर बंद हुआ। शेयरखान के एडवाइजरी हेड हेमंग जानी के अनुसार अभी तक मार्च तिमाही के नतीजे भी कमजोर ही रहे हैं।

ट्रेंडः लगातार छह दिनों की गिरावट में मार्केट कैप 5.6 लाख करोड़ घटा, कई बड़ी कंपनियों के शेयर गिरे

डेढ़ महीने बाद सेंसेक्स 38 हजार के नीचे आया



लगातार छह दिनों की गिरावट में इंडेक्स 3.2% गिर चुका है

- 30 अप्रैल से सेंसेक्स में लगातार 6 दिन गिरावट आई है
- 6 दिनों में इंडेक्स 1,278 अंक यानी 3.2% गिर चुका है
- बीएसई का मार्केट कैप 6 दिनों में 5.6 लाख करोड़ घटा
- विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मार्च में 2,688 करोड़ रुपए निकाले

सबसे ज्यादाः रिलायंस में 3.35% गिरावट

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में सबसे ज्यादा 3.35% गिरावट रिलायंस इंडस्ट्रीज में रही। सेंसेक्स में रिलायंस इंडस्ट्रीज का वेटेज 9.13% है।

रुपयाः तीन दिन में 0.71% कमजोर हुआ

डॉलर की तुलना में रुपया लगातार तीसरे दिन कमजोर हुआ। 28 पैसे गिर कर 69.71 का हो गया। सोमवार से 0.71% गिर चुका है।

विदेशी बाजारः एशियाई बाजार 1.46% तक गिरे

चीन का शंघाई इंडेक्स 1.12%, हांगकांग का हैंगसेंग 1.23%, जापान का निक्केई 1.46% और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.41% गिर गया।

आगे क्या : निफ्टी 11,359.45 पर बंद हुआ। यस सिक्युरिटीज के सीनियर मैनेजर आदित्य अग्रवाल ने कहा कि इसे 11,320 के आसपास सपोर्ट है। इसलिए शॉर्ट कवरिंग की खरीदारी दिख सकती है। लेकिन अगर इंडेक्स 11,310 के नीचे गया तो यह 11,225 तक गिर सकता है।

अक्षय तृतीया पर प्रदेश में बिका लगभग 37.50 करोड़ का सोना

देश में 23 टन की बिक्री, बीते साल से चार टन ज्यादा रही सेल

भास्कर न्यूज | जयपुर/नई दिल्ली

इस बार अक्षय तृतीया पर सोने की शुभ खरीदारी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के आंकड़ों की मानें तो देश में इस दिन 23 टन यानी करीब 650 करोड़ रुपए कीमत के सोने की खरीदारी हुई, जो पिछले साल की तुलना में चार टन अधिक रही। इसके हिसाब से राजस्थान में इस दिन एक टन यानी लगभग 1150 किलो से अधिक यानी लगभग 37.50 करोड़ रुपए के सोने की खरीदारी हुई। राजस्थान सोने की खपत के हिसाब से देश में सातवें स्थान पर है। इसकी बाजार हिस्सेदारी लगभग पांच फीसदी बैठती है।

आईबीजेए के आंकड़ों के मुताबिक पिछले साल अक्षय तृतीया पर देशभर के सर्राफा बाजार में 19 टन सोने की खरीदारी हुई थी। अक्षय तृतीया के त्योहार पर मंगलवार को देशभर के सर्राफा बाजार में रौनक छाई थी और सोने के भाव में बीते दिनों आई गिरावट या स्थिरता के कारण खरीदार ज्यादा उत्साहित थे। अक्षय तृतीया को सोने-चांदी की खरीदारी के लिए शुभ माना जाता है और इस अवसर पर जोरदार खरीदारी को लेकर आभूषण विक्रेता पहले से ही तैयारी शुरू कर देते हैं।

बाजार के जानकारों के अनुसार सोने में ज्यादा रिटर्न नहीं मिलने पर भी इसमें निवेशकों का रुझान इसलिए बना रहता है। केडिया कमोडिटी के डायरेक्टर अजय केडिया ने कहा कि बीते फरवरी में सोने में जोरदार तेजी लोग देख चुके हैं और भूराजनीतिक दबाव के कारण सोने में तेजी की संभावना आगे भी बनी हुई है।

ग्लोबल तेजी से सोना 100, चांदी 200 रुपए महंगी

जयपुर | ग्लोबल मार्केट में तेजी के चलते बुधवार को जयपुर सर्राफा बाजार में सोना स्टैंडर्ड व 22 कैरेट जेवराती सोना 100 रुपए प्रति दस ग्राम चढ़ गया। चांदी में भी 200 रुपए प्रति दस ग्राम सुधर गई। वहीं, अमेरिकी वायदा एक्सचेंज कॉमेक्स में जुलाई डिलीवरी सोना 1.60 डॉलर बढ़कर 1,285.70 डॉलर तथा जून डिलीवरी चांदी 0.3 डॉलर की तेजी से 14.90 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड कर रही थी।

बाजार विश्लेषकों के मुताबिक वैश्विक आर्थिक वृद्धि कमजोर पड़ने की आशंका से सुरक्षित निवेश के लिए सोने की मांग निकली है।

सर्राफा भाव : चांदी (999) 38,400, चांदी रिफाइनरी 37,900 रुपए प्रति किलो। चांदी कलदार 68,000 रुपए प्रति सैकड़ा। सोना स्टैंडर्ड 32,650 रुपए, सोना जेवराती 31,000 रुपए तथा वापसी 30,100 रुपए प्रति दस ग्राम। एमएमटीसी (भारतीय स्वर्ण सिक्का) 10 ग्राम 35,740 रुपए।

धूतपापेश्वर लि. का नया उत्पाद लॉन्च

लखनऊ | आयुर्वेद औषध निर्माण में 145 साल से कार्यरत श्री धूतपापेश्वर लिमिटेड ने अपना नया उत्पाद महा स्वर्ण योग यहां एक कार्यक्रम में लॉन्च किया। इस मौके पर किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के उपकुलपति प्रो. डॉ. एमएलबी भट्ट और उत्तर प्रदेश के डायरेक्टर ऑफ आयुर्वेद प्रो. एसएन सिंह मौजूद थे। कंपनी के मार्केटिंग और सेल्स प्रमुख केएस मेहता के अनुसार यह विशिष्ट कल्प नवजात बच्चों से लेकर 16 साल के बालक-बालिकाओं के लिए बनाया गया है।

पांडे एसबीआई सर्किल के नए सीजीएम

जयपुर | रवींद्र पांडे को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के जयपुर सर्किल का नया सीजीएम नियुक्त किया गया है। सीजीएम पद के साथ ही वे पूरे प्रदेश में एसबीआई के ऑपरेशंस का जिम्मा भी संभालेंगे। उन्हें एसबीआई में विभिन्न पदों पर काम करने का 33 साल का अनुभव है। उन्होंने 1985 में बैंक में प्रोबेशनरी ऑफिसर के रूप में अपनी शुरुआत की थी। जयपुर आने से पहले वे बैंक में डिजिटल इनिशिएटिव प्रोजेक्ट्स का कार्यभार संभाल रहे थे।

बीकेटी टायर्स का भारत सुपर लीग से सहयोग

जयपुर | ऑफ-हाइवे टायर्स के निर्माता बालकृष्ण इंडस्ट्रीज लिमिटेड (बीकेटी) ने पावर्ड बाय स्पॉन्सर्स के रूप में एशियन पेंट्स भारत सुपर लीग (बीएसएल) के साथ सहयोग स्थापित किया है। भारत सुपर लीग चार राज्यों -राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश (यूपी) और तमिलनाडु में आयोजित किया जा रहा है। संयुक्त प्रबंध निदेशक, राजीव पोद्दार के अनुसार इसकी शुरुआत जयपुर से हुई है और यह टूर्नामेंट जुलाई, 2019 के पहले सप्ताह में समाप्त होगा।

एस्सिलॉर का छठा आई मित्र कन्वेन्शन आयोजित

जयपुर | आप्थेल्मिक ऑप्टिकल्स कंपनी एस्सिलॉर अपने इन्क्लूजिव बिजनेस 2.5 न्यू विजन जनरेशन (2.5 एनवीजी) की ओर से सस्ते दामों में एक करोड़ से अधिक गरीब लोगों के लिए विजन केअर उत्पाद उपलब्ध कराएगी। यह घोषणा यहां कंपनी की ओर से आयोजित छठवें आई मित्र कन्वेन्शन में की गई। एस्सिलॉर के चीफ प्रोग्राम अफसर जयनाथ भुवराघन के अनुसार कंपनी ने वर्ष 2050 तक दृष्टिदोष से मुक्ति प्राप्त करने के लक्ष्य की ओर एक कदम बढ़ाया है।

गैलेक्सी एस10 रेंज को अच्छा रेस्पॉन्स

नई दिल्ली | सैमसंग इंडिया ने हाल ही में लॉन्च हुए गैलेक्सी एस10 रेंज के फ्लैगशिप स्मार्टफोन्स से ग्राहकों का अच्छा रेस्पॉन्स प्राप्त किया है। जीएफके के आंकड़ों के अनुसार- जिसमें रिटेल बिक्री शामिल है और शिपमेंट नहीं- मार्च में 30,000 रुपए से अधिक के प्राइस सेगमेंट में सैमसंग के पास 76.5 फीसदी वॉल्यूम मार्केट शेयर और 77 फीसदी वैल्यू मार्केट शेयर है। मार्च के दौरान प्रीमियम सेगमेंट में बिकने वाले हर चार में से तीन स्मार्टफोन गैलेक्सी एस10 स्मार्टफोन थे।

पश्चिम रेल

निविदा सूचना क्र. सी/78/1/117/एसएलआर/03/2019 दिनांक 03.05.2019

डिवीजनल रेलवे मैनेजर (कामर्शियल), पश्चिम रेल, मुंबई डिवीजन, मुंबई सेंट्रल द्वारा 5 वर्ष की अवधि के लिए विशेष ट्रेनों में पार्सल की लोडिंग / अनलोडिंग हेतु एक मुश्त रेट की भुगतान पर सिंगल ट्रिप आधार पर एसएलआर की लीजिंग के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित है। निम्न ट्रेनों के एसएलआर कंपार्टमेंट में 3.9 / 04 टन स्पेस का लीजिंग अनुबंध। **निविदाकार विशेषतौर पर व स्पष्ट रूप से अपने निविदा प्रस्ताव के कवर पर ट्रेन क्र. व एसएलआर लोकेशन दर्शाए।** बयाना जमा राशि केवल ऑनलाइन नेट बैंकिंग या ई-पेमेंट गेटवे के जरिए स्वीकार्य होगी।

क्र. सं.	ट्रेन क्र.	से / तक	आरपी (₹)	क्र. सं.	ट्रेन क्र.	से / तक	आरपी (₹)
1	एफडब्ल्यूएलआरआरएम - 12953	एमएमसीटी - एनजेडएम	26,809/-	26	एफएसएलआर-I-12943	बीएल - सीएनबी	7,020/-
2	एफडब्ल्यूएलआरआरएम - 12931	एमएमसीटी - एडीआई	2,507/-	27	आरएसएलआर-I-12943	बीएल - सीएनबी	7,020/-
3	एफडब्ल्यूएलआरआरएम - 12227	एमएमसीटी - आईएनडीबी	17,327/-	28	एफएसएलआर-I-12971	बीडीटीएस - बीवीसी	4,380/-
4	एफडब्ल्यूएलआरआरएम - 12933	एमएमसीटी - एडीआई	5,012/-	29	एफएसएलआर-I-12995	बीडीटीएस - एआईआई	4,769/-
5	एफडब्ल्यूएलआरआरएम - 22965	बीडीटीएस - बीजीकेटी	5,214/-	30	एफएसएलआर-II-12995	बीडीटीएस - एआईआई	4,769/-
6	एफडब्ल्यूएलआरआरएम - 22917	बीडीटीएस - एचडब्ल्यू	15,943/-	31	आरएसएलआर-I-12995	बीडीटीएस - यूडीजेड	2,622/-
7	एफडब्ल्यूएलआरआरएम - 19055	बीएल - जेयू	2,423/-	32	एफएसएलआर-I-14708	बीडीटीएस - बीकेएन	13,032/-
8	एफएसएलआर-I-22953	एमएमसीटी - एडीआई	1,512/-	33	एफएसएलआर-II-14708	बीडीटीएस - बीकेएन	13,032/-
9	एफएसएलआर-II-22953	एमएमसीटी - एडीआई	1,512/-	34	आरएसएलआर-I-14708	बीडीटीएस - बीकेएन	13,032/-
10	आरएसएलआर-I-22953	एमएमसीटी - एडीआई	1,512/-	35	एफएसएलआर-I-19217	एमएमसीटी - जेएएम	9,235/-
11	एफएसएलआर-I-22963	एमएमसीटी - बीवीसी	2,190/-	36	एफएसएलआर-II-19217	एमएमसीटी - जेएएम	9,235/-
12	एफएसएलआर-II-22963	एमएमसीटी - बीवीसी	2,190/-	37	आरएसएलआर-I-19217	एमएमसीटी - जेएएम	9,235/-
13	आरएसएलआर-I-22963	एमएमसीटी - बीवीसी	2,190/-	38	एफएसएलआर-I-19045	एसटी - सीपीआर	25,758/-
14	एफएसएलआर-II-19015	एमएमसीटी - पीवीआर	2,682/-	39	एफएसएलआर-II-19045	एसटी - सीपीआर	25,758/-
15	आरएसएलआर-I-19015	एमएमसीटी - पीवीआर	2,682/-	40	एफएसएलआर-I-22947	एसटी - बीजीपी	26,742/-
16	एफएसएलआर-I-22915	बीडीटीएस - एचएसआर	3,721/-	41	एफएसएलआर-II-22947	एसटी - बीजीपी	26,742/-
17	एफएसएलआर-II-22915	बीडीटीएस - एचएसआर	3,721/-	42	आरएसएलआर-I-22947	एसटी - बीजीपी	26,742/-
18	आरएसएलआर-I-19063	यूडीएन - डीएनआर	16,172/-	43	आरएसएलआर-I-19051	बीएल - एमएफपी	17,500/-
19	एफएसएलआर-II-22951	बीडीटीएस - जीआईएमबी	4,856/-	44	एफएसएलआर-I-19053	एसटी - एमएफपी	29,708/-
20	एफएसएलआर-I-12480	बीडीटीएस - जेयू	10,485/-	45	आरएसएलआर-I-19053	एसटी - एमएफपी	29,708/-
21	एफएसएलआर-II-12480	बीडीटीएस - जेयू	10,485/-	46	एफएसएलआर-II-19707	बीडीटीएस - जेपी	12,087/-
22	आरएसएलआर-I-12480	बीडीटीएस - जेयू	10,485/-	47	आरएसएलआर-I-19707	बीडीटीएस - जेपी	12,087/-
23	एफएसएलआर-I-12911	बीएल - एचडब्ल्यू	15,094/-	48	एफएसएलआर-I-22927	बीडीटीएस - एडीआई	1,489/-
24	एफएसएलआर-II-12911	बीएल - एचडब्ल्यू	15,094/-	49	एफएसएलआर-II-22927	बीडीटीएस - एडीआई	1,489/-
25	आरएसएलआर-I-12911	बीएल - एचडब्ल्यू	15,094/-	50	आरएसएलआर-I-22927	बीडीटीएस - एडीआई	1,489/-

निविदा जमा होने की तिथि व समय : 29.05.2019 को 15.00 बजे तक। ऑनलाइन केवल www.ireps.gov.in के जरिए।
निविदा खुलने की तिथि व सयम : 29.05.2019 को 15.30 बजे

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें : twitter.com/WesternRly | 06

RAJASTHAN STATE INDUSTRIAL DEVELOPMENT& INVESTMENT CORPORATION LTD.

RIICO GROW WITH RAJASTHAN

(A Rajasthan Government Undertaking)

Udyog Bhawan, Tilak Marg, Jaipur- 302 005, Phone : 0141-2227751, 4593201
Fax : 0141-4593210 E - Mail : riico@riico.co.in Website : www.riico.co.in

TENDER NOTICE

RIICO invites sealed competitive tenders for Annual regular repair/ development/ maintenance works in various industrial areas of RIICO Unit offices from registered, reputed and experienced contractors for following works costing upto **Rs. 5.00 Lacs:**

Sr. No.	Name of Work	Estimated Cost (Rs. in Lacs)
1	**वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबन्धक, जयपुर दक्षिण**	
1.1	औद्योगिक क्षेत्र मालवीया, जयपुर में नालियों की सफाई का कार्य | UBN-RDC1920WSOB00018	3.00
1.2	औद्योगिक क्षेत्र मानसरोवर, जयपुर में नालियों की सफाई का कार्य | UBN-RDC1920WSOB00019	2.10
1.3	औद्योगिक क्षेत्र अपैरल पार्क जयपुर में नालियों की सफाई का कार्य | UBN-RDC1920WSOB00020	3.30
2	**वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबन्धक, अलवर**	
2.1	मत्यस्य औद्योगिक क्षेत्र अलवर में नाली की सफाई सफाई का कार्य | UBN-RDC1920WSOB00021	4.50
2.2	मत्यस्य औद्योगिक क्षेत्र विस्तार अलवर में नाली की सफाई का कार्य | UBN-RDC1920WSOB00022	4.50
2.3	मत्यस्य औद्योगिक क्षेत्र अलवर में पेच रिपेंयर का कार्य | UBN-RDC1920WSOB00023	4.90
2.4	मत्यस्य औद्योगिक क्षेत्र विस्तार अलवर में पेच रिपेंयर का कार्य | UBN-RDC1920WSOB00024	4.90
2.5	मत्यस्य औद्योगिक क्षेत्र अलवर में जंगल सफाई एवं बर्म ड्रेसिंग का कार्य UBN-RDC1920WSOB00025	4.50
2.6	मत्यस्य औद्योगिक क्षेत्र विस्तार अलवर में जंगल सफाई एवं बर्म ड्रेसिंग का कार्य। UBN-RDC1920WSOB00026	4.50

RIICO invites tenders/bids costing more than **Rs. 5.00 lacs** through **eproc.rajasthan.gov.in** from registered, reputed and experienced contractors for under mentioned works. As such, this is to inform all the prospective bidders/contractors registered in appropriate class in any department or public undertaking of any state in India/GOI, that they may download & submit online tenders/bids for following works:

Sr. No.	Name of Work	Estimated Cost (Rs. in Lacs)
1	**क्षेत्रीय प्रबन्धक, बोरानाडा (जोधपुर)**	
1.1	इकाई कार्यालय बोरानाडा के अधीन विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रो में नालीयों की सफाई एवं रखरखाव का कार्य | UBN-RDC1920WSOB000017	38.06
2	**क्षेत्रीय प्रबन्धक, जयपुर–उत्तर**	
2.1	औद्योगिक क्षेत्र विश्वकर्मा, जयपुर (Zone-A) में विभिन्न प्रकार की नालियों की सफाई का कार्य। UBN-RDC1920WSOB000010	10.03
2.2	औद्योगिक क्षेत्र विश्वकर्मा, जयपुर (Zone-B) में विभिन्न प्रकार की नालियों की सफाई का कार्य। UBN-RDC1920WSOB000011	10.12
2.3	औद्योगिक क्षेत्र विश्वकर्मा विस्तार, जयपुर में विभिन्न प्रकार की नालियों की सफाई का कार्य। UBN-RDC1920WSOB000012	5.00
2.4	औद्योगिक क्षेत्र झोटवाड़ा हस्तांतरित, जयपुर (Zone-A) में सभी प्रकार की नालियों की सफाई का कार्य | UBN-RDC1920WSOB000013	5.01
2.5	औद्योगिक क्षेत्र झोटवाड़ा हस्तांतरित, जयपुर (Zone-B) में सभी प्रकार की नालियों की सफाई का कार्य | UBN-RDC1920WSOB000014	5.04
2.6	औद्योगिक क्षेत्र झोटवाड़ा विस्तार–प्रथम चरण, जयपुर में सभी प्रकार की नालियों की सफाई का कार्य | UBN-RDC1920WSOB000015	5.05
2.7	औद्योगिक क्षेत्र झोटवाड़ा विस्तार–द्वितीय चरण, जयपुर में सभी प्रकार की नालियों की सफाई का कार्य | UBN-RDC1920WSOB000016	5.02
3	**क्षेत्रीय प्रबन्धक, जोधपुर**	
3.1	औद्योगिक क्षेत्र बासनी एवं हस्तानांतिरित औद्योगिक क्षेत्र जोधपुर में नालियों के अपग्रेडेशन का कार्य। UBN-RDC1920WSOB000027	80.00
3.2	हस्तानांतरित औद्योगिक जोधपुर में नालियों के सफाई का कार्य | UBN-RDC1920WSOB000028	9.00

For details information and instruction for online submission of tender/bid, please log on **www.riico.co.in and www.eproc.rajasthan.gov.in.** For queries please contact : **Additional GM (Civil), Ph : 0141-4593233**

Raj.Samwad/C/18/121 | अच्छा व्यवहार - तत्पर काम

भारत सरकार
वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग, राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर एवं नार्कोटिक्स अकादमी, फरीदाबाद

जी.एस.टी प्रैक्टिश्नरो के नामांकन के पुष्टिकरण हेतु परीक्षा

राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर एवं नार्कोटिक्स अकादमी (नासिन) को अधिसूचना सं० 24/2018– केन्द्रीय कर दिनांक 28.05.2018 के तहत् केन्द्रीय माल एवं सेवा कर विनिमय, 2017 के नियम 83 के उप–नियम(3) के अनुसार जी.एस.टी. प्रैक्टिशनरों (जी.एस.टी.पी.) के नामांकन के पुष्टिकरण हेतु परीक्षा आयोजित करवाने हेतु अधिकृत किया गया है।

नियम 83(2) के अधीन जी.एस.टी. नेटवर्क पर नामांकित और नियम 83(1)(ख) के अधीन आने वाले जी.एस.टी.पी, अर्थात जो सेल्स टैक्स प्रैक्टिशनरों या टैक्स रिटर्न प्रिपेयरर के तौर पर तत्कालीन कानून के अधीन कम से कम पाँच वर्षो की नामांकन की पात्रता मापदंड को पूरा करते हों, उनको अधिसूचना सं० 03/2019– केन्द्रीय कर दिनांक 29.01.2019 के तहत्, उक्त परीक्षा को 31.12.2019 के पहले उत्तीर्ण करना अपेक्षित है। ऐसे जी.एस.टी.पी. हेतु दो ऐसी परीक्षाएं 31.10.2018 एवं 17.12.2018 को पहले ही आयोजित की जा चुकी हैं। उनके लिए अगली परीक्षा भारत में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर 14.06.2019 को प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 13:30 बजे तक आयोजित की जाएगी।

यह परीक्षा कम्प्यूटर के माध्यम से (कम्प्यूटर बेस्ड) होगी। इस परीक्षा हेतु योग्य जी.एस.टी.पी. द्वारा पंजीकरण पोर्टल पर पंजीकरण किया जा सकता है, जिसका लिंक नासिन और सी.बी.आई.सी की वेबसाईटों पर उपलब्ध होगा। 14 जून 2019 की उक्त परीक्षा हेतु पंजीकरण पोर्टल 21 मई 2019 को खुलेगा और 4 जून, 2019 तक खुला रहेगा। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए एक सहायता केन्द्र भी स्थापित किया जाएगा, जिसका विवरण पंजीकरण पोर्टल पर उपलब्ध करवाया जाएगा। अभ्यर्थियों द्वारा इस परीक्षा हेतु पंजीकरण के समय 500/–रू की परीक्षा फीस का ऑनलाईन भुगतान अपेक्षित है।

प्रधान महानिदेशक
नासिन, फरीदाबाद

davp 15502/11/0001/1920

कार्यालय नगरपालिका मण्डल कोटपूतली (जयपुर)

क्रमांकः न.पा.कोट./2019/442 | दिनांकः 8.5.2019

: सार्वजनिक आपत्ति सूचना :

1	श्रीमती माया देवी पत्नी श्री जयसिंह निवासी कोटपूतली।	राजस्व ग्राम बूचाहेड़ा खसरा नं. 503/0.64 रकबा 56.66 वर्गगज।	पट्टा नामान्तरण करवाने बाबत।
2	श्रीमती रेखा देवी पत्नी श्री अशोक कुमार निवासी कोटपूतली।	राजस्व ग्राम बूचाहेड़ा रकबा 171.72 वर्गगज।	पट्टा नामान्तरण करवाने बाबत।
3	श्री अशोक कुमार पुत्र श्री जगदीश प्रसाद निवासी कोटपूतली।	राजस्व ग्राम बूचाहेड़ा रकबा 95.18 वर्गगज।	पट्टा नामान्तरण करवाने बाबत।
4	श्रीमती कृष्णा देवी शर्मा पत्नी श्री नरेश कुमार शर्मा निवासी कोटपूतली।	राजस्व ग्राम बूचाहेड़ा खसरा नं. 731/3.55 रकबा 333.33 वर्गगज।	पट्टा नामान्तरण करवाने बाबत।
5	श्री त्रिवेणी प्रसाद शर्मा पुत्र श्री ईश्वर चन्द निवासी कोटपूतली।	राजस्व ग्राम बूचाहेड़ा खसरा नं. आबादी क्षेत्र रकबा 262.65 वर्गगज।	पट्टा नामान्तरण करवाने बाबत।
6	श्री भंवर खान पुत्र श्री फतेह खान निवासी कोटपूतली।	राजस्व ग्राम बूचाहेड़ा खसरा नं. 406 रकबा 158.83 वर्गगज।	पट्टा नामान्तरण करवाने बाबत।
7	श्री पूरण, रामकुंवार, रामप्रताप पुत्रान श्री देवकरण निवासी कोटपूतली।	राजस्व ग्राम बडाबास खसरा नं. 1267 रकबा 409.55 वर्गगज।	पट्टा नामान्तरण करवाने बाबत।
8	श्री नरेन्द्र कुमार सैन पुत्र श्री ओमप्रकाश निवासी कोटपूतली।	राजस्व ग्राम बूचाहेड़ा खसरा नं. आबादी रकबा 14.58 वर्गगज।	पट्टा नामान्तरण करवाने बाबत।
9	श्री दाताराम पुत्र श्री भवराराम निवासी कोटपूतली।	राजस्व ग्राम बालावास खसरा नं. 51 रकबा 160.97 वर्गगज।	पट्टा नामान्तरण करवाने बाबत।
10	श्रीमती शारदा देवी पत्नी श्री लोखनाथ निवासी कोटपूतली।	राजस्व ग्राम बासडी खसरा नं. 1085, 1086 रकबा 18.33 वर्गगज।	पट्टा नामान्तरण करवाने बाबत।
11	श्री हेमराज सैनी पुत्र श्री भीखराम सैनी निवासी कोटपूतली।	राजस्व ग्राम बूचाहेड़ा खसरा नं. 447 रकबा 150.52 वर्गगज।	पट्टा नामान्तरण करवाने बाबत।
12	श्री अग्नेश सिंह, मुकुट सिंह पुत्रान श्री अमरसिंह निवासी कोटपूतली।	राजस्व ग्राम बूचाहेड़ा रकबा 475 वर्गगज।	पट्टा नामान्तरण करवाने बाबत।
13	श्रीमती कौशल्या देवी पत्नी श्री देवीलाल निवासी कोटपूतली।	राजस्व ग्राम बडाबास खसरा नं. 526 335.18 वर्गगज।	पट्टा नामान्तरण करवाने बाबत।
14	श्रीमती फरियाना बानू पत्नी श्री महबूब खान निवासी कोटपूतली।	राजस्व ग्राम बासडी खसरा नं. 1336 रकबा 111.11 वर्गगज।	पट्टा नामान्तरण करवाने बाबत।
15	श्रीमती आशा देवी पत्नी श्री बजरंग लाल आर्य निवासी कोटपूतली।	राजस्व ग्राम बूचाहेड़ा खसरा नं. 406 रकबा 150 वर्गगज।	पट्टा नामान्तरण करवाने बाबत।
16	श्री मामराज, पप्पूराम पुत्रान श्री मन्नालाल निवासी कोटपूतली।	राजस्व ग्राम सराय रकबा 248.78 वर्गगज।	पट्टा नामान्तरण करवाने बाबत।

अतः उपरोक्त प्रकरणों के संबंध में किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 15 दिवस में मय सबूत आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा वाद मियाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका कोटपूतली